Date: 22-10-2021

Event: Celebration of Golden Jubilee of the complete statehood of Himachal Pradesh, by Literary Society

Highlight: As per the information provided by the Principal GDC Banjar, the Literary Society of the college celebrated the Golden Jubilee Celebration of the complete statehood of Himachal Pradesh on 22-10-2021. Various activities like Declamation, Slogan Writing and Rangoli making were organised in which a large number of students participated. They spoke on topics like National Education Policy 2020, Independence movement and Hindi language, हिमाचल प्रदेश प्रगति कि ओर अग्रसर वर्तमान in which Anita Sharma B Com 2nd year won the 1st position, 2nd position was held by two participants Omrita Sethi Bsc 2nd year and Vipasha Sharma BA 1st Year, the third position was secured by Vijay Thakur BA 1st year. The chief guest of the program Mrs Neeraj Kapoor Principal GDC Banjar talked about the importance of literature in our lives.

पंजाब केसरी
SAT,23 OCTOBER 2021
EDITION: KULLU KESARI, PAGE NO. 3

भाषण प्रतियोगिता में अनीता रही प्रथम

पूर्ण राज्यत्व की स्वर्णिम जयंती के उपलक्ष्य में साहित्य परिषद ने किया उत्सव का आयोजन

बंजार : कार्यक्रम के उपरांत कालेज प्राचार्य व विजेता प्रतिभागी सामूहिक चित्र में। (ब्यूरो)

बंजार, 22 अक्तूबर (ब्यूरो): राजकीय महाविद्यालय बंजार में शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश पूर्ण राज्यत्व की स्वर्णिम जयंती के उपलक्ष्य में साहित्य परिषद के द्वारा उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफैसर नीरज कपूर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस उत्सव में भाषण, नारा लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

साहित्य परिषद के द्वारा इसमें हिमाचल का बदलता स्वरूप, मेरा हिमाचल, नई शिक्षा नीति व हिमाचल में रोजगार इत्यादि विषय भाषण प्रतियोगिता के लिए रखे गए थे। मंच का संचालन पूनम ने किया। भाषण प्रतियोगिता में अनीता शर्मा वाणिज्य द्वितीय वर्ष ने प्रथम, विपाशा शर्मा व ओमित्रा सेठी ने द्वितीय स्थान तथा विजय ठाकुर कला स्नातक प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

नीरज कपूर ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया और कहा कि यह मंच विद्यार्थियों का अपना मंच है और ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के साथ ही उनमें आत्मविश्वास जागता है। इस तरह के कार्यक्रम से प्रतिभा प्रदर्शन का सुअवसर मिलता है। उन्होंने पूर्ण राज्यत्व की स्वर्णिम जयंती के उपलक्ष्य में सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उन्होंने प्रो. रिचा आहलूवालिया व प्रो. नरेश को बधाई दी।

कार्यक्रम में प्रो. रेणुका थापियाल, प्रो. टिक्कम, प्रो. मोनिका, प्रो. ज्योति बाला व प्रो. विकास कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कॉलेज में आयोजित भाषण स्पर्धा में अनीता ने पाया पहला स्थान

बंजार (कुल्लू)। राजकीय महाविद्यालय बंजार में शुक्रवार को पूर्ण राज्यत्व की स्वर्णिम जयंती के उपलक्ष्य पर साहित्य परिषद ने कार्यक्रम का आयोजन किया।

इसमें हिमाचल का बदलता स्वरूप, मेरा हिमाचल, नई शिक्षा नीति, हिमाचल में रोजगार आदि विषयों पर भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। भाषण प्रतियोगिता में अनीता शर्मा पहले, विपाशा शर्मा व ओमित्रा सेठी दूसरे, विजय ठाकुर तीसरे स्थान पर रहे।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर नीरज कपूर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के 50 वर्ष पूर्ण होने पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

इस दौरान प्रोफेसर ऋचा, रेणुका थपियाल, टिकम, मोनिका, ज्योति बाला, विकास कुमार, पूनम आदि मौजूद रहे। संवाद